मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

बिहार सरकार

संख्या–cm-193
12/04/2021

मुख्यमंत्री ने जदयू नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व0 शैलेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सरकार के श्राद्धकर्म में लिया भाग

पटना, 12 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर में जदयू नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व0 शैलेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सरकार के श्राद्धकर्म में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्व0 शैलेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सरकार के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व0 शैलेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सरकार की पत्नी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदयकांत मिश्र, स्व0 शैलेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सरकार की पत्नी श्रीमती वीणा देवी, भाई श्री ज्ञानेंद्र कुमार विजय, श्री नरेन्द्र कुमार, श्री संजय कुमार, पुत्र श्री वेदप्रकाश उर्फ सन्नी सहित अन्य परिजन एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******